राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

## प्रेस–विज्ञप्ति

# महामहिम राज्यपाल ने भारत की संसद के नये भवन के शिलान्यास समारोह में राजभवन पटना से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर भाग लिया

**पटना, 10 दिसम्बर 2020**

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए भारत की संसद के नये भवन के शिलान्यास के कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने राजभवन पटना से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर भाग लिया।

ज्ञातव्य है कि लोकसभा के अध्यक्ष श्री ओम बिरला द्वारा उक्त शिलान्यास समारोह के कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़ने के लिए महामहिम राज्यपाल से अनुरोध किया गया था।

भारत की संसद के नये भवन की डिजाइन पर्यावरण के अनुकूल, तकनीकी रूप से आधुनिक और आदर्श संरचना के रूप में तैयार की गई है। इस आधुनिक संसद भवन का निर्माण भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर पूर्ण होना है, यह बात कार्यक्रम के दौरान बतायी गई।

.....................................................